व्यक्तीगत ऋण	1147354.99	651929.21	1799284.20	1040812.82	758471.38
एफ.डी.आर. के विरूद्ध ऋण	226026.00	45536.00	271562.00	90512.00	181050.00

पूंजी एवं देनदारियां	ओपनिंग बेलेन्स 01/04/2023	जमा राशि	कुल राशि	आहरीत राशि	क्लोजिंग बेलेन्स 31/03/2024
बैंक ग्यारंटी	8459861.00	2564941.00	11024802.00	1160826.00	9863976.00
6. अन्य मांग देनदारियां					
पे ऑर्डर नया	1703850.17	18493003.00	20196853.17	18668067.00	1528786.17
मिसलिनियस प्रावधान	265000.00	285000.00	550000.00	265000.00	285000.00
प्रोविजन फार दैनिक जमा खाता	1666130.00	0.00	1666130.00	0.00	1666130.00
ग्रेच्यूटी के लिये प्रावधान	200000.00	300000.00	500000.00	200000.00	300000.00
ऐक्सिस बैंक डी.डी. पेएबल	1323751.50	18456689.54	19780441.04	18392008.00	1388433.04
7.देने योग्य ब्याज (सावधि जमा एवं अन्य जमाओ का प्रावधान					
एक्यु. ईन्ट्रेस्ट पेयेबल अकाउन्ट	3147503.58	200000.00	3347503.58	253165.00	3094338.58
सावधि जमाओं पर भुगतान योग्य ब्याज	175576.58	1239900.00	1415476.58	1448858.58	-33382.00
मासिक ब्याज जमाओं पर भुगतान योग्य ब्याज	50109.00	267328.00	317437.00	269996.00	47441.00
8. लाभ –हानि खाते					
खर्चे एवं आय					
शुद्ध लाभ –2020–2021	1482771.25	0.00	1482771.25	1482771.25	0.00
शुद्ध लाभ –2021–2022	3264175.88	0.00	3264175.88	0.00	3264175.88
शुद्ध लाभ वर्ष 2022–2023	3004180.11	0.00	3004180.11	1202840.00	1801340.11
एस.जी.एस.टी.	66656.01	74084.51	140740.52	132999.37	7741.15
सी.जी.एस.टी.	66200.01	74084.51	140284.52	132543.37	7741.15
आई.जी.एस.टी.	34.20	18.00	52.20	47.70	4.50
टीडीएस खाता केश भुगतान	0.00	274156.66	274156.66	248369.00	25787.66
सन्ड्री केडिटर्स	0.00	2169351.00	2169351.00	2169351.00	0.00
प्रावधान बैंक रिकन्सीलेशन	805000.00	0.00	805000.00	0.00	805000.00
प्रावधान फार अनसेटलड इन्कम टेक्स	658247.00	0.00	658247.00	350000.00	308247.00
शुद्ध लाभ वर्ष 2023–2024	0.00	24841585.58	24841585.58	21899440.78	2942144.80
महा योग	**324422570.37**	**1859338797.32**	**2183761367.69**	**1809543098.47**	**374218269.22**

संपत्ति एवं लेनदारियॉ	ओपनिंग बेलेन्स 01/4/2023	आहरीत राशि	कुल राशि	जमा राशि	क्लोजिंग बेलेन्स 31/3/2024
मध्यम अवधि ऋण	9292515.21	4591746.00	13884261.21	4784448.33	9099812.88
नगद साख सीमा	6191281.42	9452991.18	15644272.60	9682759.46	5961513.14
वाहन ऋण	24730453.36	12263296.00	36993749.36	10640827.00	26352922.36
गृह ऋण	17643355.08	8341713.00	25985068.08	4418111.35	21566956.73
प्रतिभूति विरूद्ध अधिविकर्ष ऋण	410032.09	3482300.84	3892332.93	3046327.44	846005.49
संपत्ति के विरूद्ध ऋण	4876785.38	7634481.00	12511266.38	5277037.00	7234229.38
संपत्ति के विरूद्ध अधिविकर्ष ऋण	26587692.02	58536847.22	85124539.24	59779711.28	25344827.96
आवृती जमा के विरूद्ध ऋण	12299.00	708.00	13007.00	9500.00	3507.00
शिक्षा ऋण	2086736.00	202799.00	2289535.00	300000.00	1989535.00
दुकान ऋण	5256621.00	451213.00	5707834.00	964890.00	4742944.00
सस्पेन्स एकाउन्ट (एड.नेचर)	10686.00	0.00	10686.00	0.00	10686.00
6. ऋणों पर ब्याज प्राप्य					
व्यक्तिगत ऋण पर ब्याज प्राप्य	26155.00	23819.00	49974.00	14155.00	35819.00
उपभोक्ता ऋण पर ब्याज प्राप्य	1063.00	0.00	1063.00	0	1063.00
मध्यमअवधि ऋण पर ब्याज प्राप्य	197963.00	198849.00	396812.00	396812.00	0.00
नगद साख सीमा पर ब्याज प्राप्य	1982843.00	686233.00	2669076.00	35200.00	2633876.00
वाहन ऋण पर ब्याज प्राप्य	63631.00	0.00	63631.00	0.00	63631.00
गृह ऋण पर ब्याज प्राप्य	0.00	21985.00	21985.00	20360.00	1625.00
संपत्ति के विरूद्ध अधिविकर्ष ऋण पर ब्याज प्राप्य	2741387.00	697755.00	3439142.00	0.00	3439142.00
7 अन्य बैंकों से सावधि जमाओ पर ब्याज प्राप्य					
सावधि जमाओं पर ब्याज प्राप्य	1852990.00	1575983.00	3428973.00	1852990.00	1575983.00
सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज प्राप्य	921728.00	1966733.56	2888461.56	997783.56	1890678.00
8. फर्नीचर एवं फिक्चर					
डेड स्टॉक खाता	887205.23	56962.54	944167.77	244542.38	699625.39
9. अन्य लेनदारियॉ					
एस.जी.एस.टीॅ. इनपुट केडिट	43462.42	14409.37	57871.79	48086.42	9785.37
सी.जी.एस.टी. इनपुट केडिट	44378.07	14177.81	58555.88	48805.50	9750.38
आई.जी.एस.टी. इनपुट केडिट	90230.63	100496.55	190727.18	190692.81	34.37
एमएसइ पुर्नवित्त राशि	4773000.00	0.00	4773000.00	695000.00	4078000.00
टेक्स आडिट फीस	10000.00	0.00	10000.00	10000.00	0.00
डेबिट कार्ड	0.00	59950.00	59950.00	0.00	59950.00
महा योग	**324422570.37**	**3160547683.63**	**3484970254.00**	**3110751984.78**	**374218269.22**

हस्ता/–
बी.के. खरे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हस्ता/–
संचालक

हस्ता/–
आरएजेडएसडीए एण्ड कंपनी
चार्टड एकाउन्टेंट्स

हस्ता/–
सोहन सिंह
अध्यक्ष

हस्ता/–
बी.के. खरे
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हस्ता/–
संचालक

हस्ता/–
आरएजेडएसडीए एण्ड कंपनी
चार्टड एकाउन्टेंट्स

हस्ता/–
सोहन सिंह
अध्यक्ष

कृष्णा मर्केन्टाईल को–ऑप. बैंक लिमिटेड भोपाल
लाभ –हानि पत्रक 31/03/2024

क्र.	कुल व्यय	बेलेन्स 31/03/2024	कुल आय	बेलेन्स 31/03/2024
1	बीमा व्यय	129303.00	लॉकर किराया	83800.00
2	भवन किराया एवं करं	2436612.00	सावधि जमाओं अन्य बैंकों पर ब्याज प्राप्य	1575983.00
3	बिजली शुल्क व्यय	155060.00	सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज प्राप्य	10096449.44
4	अखबार एवं पत्रिकाओं पर व्यय	5244.00	शेयर एन्ट्री एवं एप्लीकेशन फीस	4370.00
5	छपाई औरं स्टेशनरी व्यय	110179.00	आकस्मिक आय	1388008.54
6	जलपान व्यय	125076.00	ऋणों पर ब्याज प्राप्त	10299009.21
7	विविध खर्चे	107663.00	प्रोसेसिंग फीस (ऋण)	101198.00
8	डिप्रीशिएशन खाता	187862.38	एमएसएमई पर ब्याज प्राप्य	172326.00
9	वाहन भत्ता व्यय	74072.50	म्युचअल फण्ड पर ब्याज प्राप्य	1120441.39
10	वार्षिक रखरखाव व्यय	413201.00		
11	लीगल फीस एडवोकेट व्यय	14134.00		
12	प्रचार –प्रसार पर व्यय	16250.00		
13	मरम्मत एवं नवीनीकरण	24055.00		
14	चुनाव खर्चे	82122.20		
15	सतत अंकेक्षण फीस	273100.00		
16	एडवांस इन्कम टेक्स	1000000.00		
17	बैंक चार्जेस पेड अन्य बैंको को	1151.13		
18	डी.आई.सी.जी.सी.प्रिमियम चार्ज	348619.85		
19	वार्षिक आमसभा खर्च	299243.00		
20	टेलीफोन एवं टेलेक्स खर्च	37101.76		
21	जल प्रबंधन व्यय	22710.00		
22	आडिट फीस फार रजिस्टार	13915.00		
23	बी.डी.डी.प्रावधान	110341.00		
24	सब स्टेण्डर्ड ऐसेटस पर प्रावधान	9023.00		
25	ग्रेच्युटी प्रावधान	300000.00		
26	बिल्डीग फण्ड प्रावधान	500000.00		
27	इन्वेस्टमेन्ट फल्यूऐशन फण्ड	200000.00		
28	ई एफ टी स्वीचींग फीस	109000.00		
29	एनपीसीआई प्रमाण पत्र फीस	145250.00		
30	बचत खातों पर ब्याज भुगतान	2605306.00		
31	सावधि जमाओं पर ब्याज भुगतान	8718587.00		
32	पोस्टैड एण्ड टेलीग्राम	735.00		
33	वेतन एवं भत्ते	3076030.96		
34	सिक्युरिटी सर्विस कान्ट्रेक्ट पर भुगतान	143000.00		
35	एमोटीजेसन ऑफ गर्वनमेंट सिक्युरिटी	105493.00		
36	शुद्ध लाभ वर्ष 2023–2024	2942144.80		
	कुल योग	24841585.58	कुल योग	24841585.58

हस्ता/–	हस्ता/–	हस्ता/–	हस्ता/–
बी.के. खरे	संचालक	आरएजेडएसडीए एण्ड कंपनी	सोहन सिंह
मुख्य कार्यपालन अधिकारी		चार्टड एकाउन्टेंट्स	अध्यक्ष

कृष्णा मर्केन्टाईल को–ऑप. बैंक लि. भोपाल
अंकेक्षण प्रमाण पत्र

मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता, अंकेक्षक प्रमाणित करता हूँ कि मैने कृष्णा मर्केन्टाईल को–ऑप. बैंक लि. भोपाल पंजीयन क्रं. 05/97 दिनांक 24/7/97 का वर्ष 2023–2024 को अंकेक्षण पंजीयक सहकारी समितियां मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित विधि से पूर्ण किया ।

बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत सही है तथा बैंक में सुरक्षित है।

मेरे द्वारा कृष्णा मर्केन्टाईल को–ऑप. बैंक लि. भोपाल का दिनांक 31 मार्च 2024 को समाप्त होने लेखा वर्ष का स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ हानि पत्रक की जांच संबंधित लेखाओं से की गई ।

अतः मेरे द्वारा प्रस्तुत संस्था के अंकेक्षण प्रतिवेदन एवं साथ में संलग्न आक्षेपों तथा स्थिति विवरण पत्रक पर अंकित टीप के अधीन है।

1. मेरे मत से बैंक का व्यवसाय आमतौर से अच्छी तरह से विधिवत तथा ईमानदारी से व उपनियमों व प्रावधानों के अनुसार तथा सहकारी विधान की प्रचलित धाराओं, उसके अंतर्गत बनाये गये नियम, पंजीयक द्वारा समय–समय पर प्रसारित परिपत्रों एवं बैंकिग रंग्यूलेशन एक्ट 1949 की आवश्यकता के अनुरूप किया गया है।
2. बैंक का स्थिति विवरण पत्रक पूर्णरूपसे स्पष्ट है एवं इसमें आवश्यक सभी जानकारीयां जो कि बैंक के व्यवहार एवं स्थिति को दर्शातं है। जो जानकारी बैंक की स्थिति को दर्शाते है का समावेश किया गया है । मुझे जो जानकारी बैंक की स्थिति के संबंध में बतलाई गई तथा जो जानकारी अधिकोष के लेखा पत्रों खांतो में दर्शायी गई है वह सब इसमें परिलक्षित होती है।
3. मुझे अंकेक्षण के दौरान जिस जानकारी व स्पष्टीकरण की जब आवश्यकता हुई, समय–समय पर बैंक से प्राप्त हुई तथा मेरे संतोष के अनुसार है ।
4. अधिकोष के व्यवहार, जो मेरी जानकारी में आये वे सभी अधिकोष की कार्य सीमा में किये गये है। अधिकोष के लाभ हानि प्रत्रक प्रस्तुत टीप के अनुसार पाये गये ।
5. अंकेक्षण हेतु जो भी पत्रक एंव लेखा बैंक से बुलाये गये या प्राप्त किये गये सभी पूर्ण एंव पर्याप्त है ।
6. मेरे मत से अधिकोष का स्थिति विवरण एवं लाभ–हानि पत्रक टीप नियमों के अनुरूप बनाये गये है तथा हिसाब व खाते नियमों, उपनियमों का आवश्यकतानुसार रखे गये है ऐसे सभी रखे गये रजिस्टर व खाता बहिया, जिनके आधार पर पत्रक तैयार किय गये है की सूची बैंक में उपलब्ध है ।

अतः मैं अधिकोष को पंजीयक सहकारी समितियां, मध्यप्रदेश द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई अंकेक्षण वर्गीकरण कसौटी पत्र के मानदंड के आधार पर मूल्यांकन करके वर्ष 2023–2024 के अंकेक्षण में बैंक को 'अ' वर्ग में वर्गीकृत करता हूँ ।

स्थान – भोपाल
दिनांक /06/2024

संयुक्त पंजीयक
सहकारी संस्थाऐं,
भोपाल संभाग, भोपाल

RAZSDA & CO. BHOPAL Chartered Accountants
(आरएजेडएसडीए एण्ड कम्पनी)
चार्टड एकाउन्टेंट्स
कृष्णा मर्केन्टाईल को. ऑप. बैंक लि.,भोपाल

कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें, संभाग भोपाल
संपरीक्षा प्रतिवेदन तथा निर्गमन पत्र
क्रमांक/अंके./निर्गमन/400 दिनांक 27/6/24
में उल्लेखित आक्षेपों एवं निर्देशों के पालन हेतु जारी।

फसल ऋण नीति निर्धारण के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की तकनीकी समूह की हुई बैठक

खरगोन :जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन के कार्यक्षेत्र में उत्पादित कि जाने वाली विभिन्न फसल कपास, मिर्च, सोयाबीन, मक्का, गेहू, चना आदि, एवं पशुपालन तथा मत्स्य पालन के लिए वर्ष 2025-26 में ऋण मान का निर्धारण करने 21 नवंबर को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में बैंक की जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में फसल ऋण निर्धारण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री पूर्वा मण्डलोई, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल, सहायक संचालक कृषि श्री प्रकाश ठाकुर, सहायक आयुक्त सहकारिता श्री केआर आवासे, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री केके गिरवाल, कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र, अग्रणी जिला बैंक एवं प्रगृतिशील किसान मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिले के अधिक से अधिक किसानों को सहकारी बैंक से जोड़ने के लिए सार्थक प्रयास करें। इससे अधिक किसानों को शासन की फसल ऋण योजना का लाभ मिलेगा और बैंक का व्यवसाय भी बढ़ेगा। जिले में अभियान चलाकर किसानों को बैंक का सदस्य बनाने कहा गया। बैंक को अपने व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न फसलों के ऋणमान निर्धारण के लिए समिति के सदस्यों एवं प्रगतिशील कृषको के द्वारा फसलों की लागत, उनके उत्पादन मूल्य तथा ऋण भुगतान क्षमता पर चर्चा कर ऋणमानों का निर्धारण किया गया। ऋणमान के आधार पर आगामी वर्ष 2025-26 में खरगोन एवं बड़वानी जिले के कृषको को सहकारी एवं समस्त व्यवसायिक एवं ग्रामीण बैंकों द्वारा अल्पकालीन एवं मध्यकालीन कृषि ऋण प्रदाय किया जाएगा।

(पृष्ठ 2 का शेष)

71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का भव्य शुभारंभ

आइए, हम मिलकर सहकारिता को नया रूप दें, इसे और मजबूत बनाएं और समाज के हर वर्ग तक इसकी पहुंच बढ़ाएं।"

श्री रंजन के प्रेरणादायक शब्दों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को एकजुट किया और सहकारिता के महत्व को समझने के लिए एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया।

विशिष्ट अतिथि:

श्री श्रीकुमार जोशी

श्री जोशी ने सहकारिता आंदोलन की चुनौतियों और अवसरों पर बात करते हुए कहा:

"आज का सहकारिता आंदोलन एक संक्रमणकालीन दौर से गुजर रहा है। हमें इसकी मूलभूत अवधारणाओं को संरक्षित करते हुए आधुनिक तकनीकों को अपनाना होगा। सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभा सकती हैं, बशर्ते इन्हें सही दिशा में संचालित किया जाए।"उन्होंने सहकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू की गई वित्तीय सहायता योजनाओं और तकनीकी समर्थन को गेम-चेंजर बताया।

विषय विशेषज्ञ: डॉ. देवेंद्र राघव

डॉ. राघव ने सहकारिता के क्षेत्र में कौशल विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा:"सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि हम युवाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करें। प्रशिक्षण न केवल तकनीकी कौशल प्रदान करता है, बल्कि नेतृत्व क्षमता और पारदर्शी प्रबंधन को भी बढ़ावा देता है।"उन्होंने सहकारी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया और इसे सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

डॉ. मोनिका सिंह

डॉ. सिंह ने विशेष रूप से युवाओं को सहकारिता आंदोलन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा:"आज का युवा सहकारिता के बारे में कम जागरूक है। हमें इस क्षेत्र में नवाचार लाकर और जागरूकता अभियानों के माध्यम से उन्हें प्रेरित करना होगा। सहकारी आंदोलन में उनकी भागीदारी इसे और अधिक प्रभावी बनाएगी।"उन्होंने सहकारी शिक्षा कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से विद्यार्थियों को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम की अन्य गतिविधियाँ

कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी और संवाद सत्र आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों और विशेषज्ञों ने सहकारिता की नई पहलों पर विचार साझा किए।

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

विषय: "सहकारिता मंत्रालय की नई पहल से सहकारिता आंदोलन का सुदृढ़ीकरण"

प्रतियोगिता में तीन प्रमुख संस्थानों (एल.एन.सी.टी. कॉलेज, टी.आई.ई.टी. कॉलेज, ग्लोबल हाइट्स एकेडमी) के 40-50 छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सहकारी आंदोलन के महत्व और नई पहलों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

पुरस्कार वितरण

20 नवंबर 2024 को अपेक्स बैंक सभागार में समापन समारोह में "सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सहकारिता की भूमिका" पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान की गई।

टी.आई.ई.टी. कॉलेज:

प्रथम पुरस्कार: श्री अर्पित सिंह
द्वितीय पुरस्कार: सुश्री हर्षिका यादव
तृतीय पुरस्कार: श्री विपिन सिंह

एल.एन.सी.टी. कॉलेज:

प्रथम पुरस्कार: कुमारी कृतिका खरे
द्वितीय पुरस्कार: श्री अविचल जैन
तृतीय पुरस्कार: सुश्री ओजस्विनी शर्मा

ग्लोबल हाइट्स एकेडमी:

प्रथम पुरस्कार: सुश्री वर्षा अहिरवार
द्वितीय पुरस्कार: सुश्री अभिलाषा लोधी
तृतीय पुरस्कार: सुश्री शिखा दिवाकर

समापन पर श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक, मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा:"सहकारिता केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।"यह आयोजन सहकारिता आंदोलन को प्रोत्साहित करने और इसे नई दिशा देने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

पशु पालको को केसीसी का वितरण

विदिशा :नाबार्ड के सहयोग से बाएफ लाइवलीहूडस द्वारा प्रायोजित करीला एग्रो कृषक उत्पाद संगठन के 233 सदस्य किसानो को पशुपालन के क्षेत्र में बढावा देने के लिए जिला सहकारी बैंक विदिशा के द्वारा पशु क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन पीएनबी प्रशिक्षण संस्थान में किया गया था।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार ने किसानो से कहा कि पशुपालन को बढावा देने के क्षेत्र में विदिशा जिले में किए जा रहे प्रयासो का संदेश प्रदेश के अन्य जिलो में जाए। उन्होंने पशुपालन के लिए किसान उत्पादक संगठन के जरीए क्षेत्र में विकास के लिए किए जा रहे नवाचारो का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक श्री सुनील कुमार ने कहा कि विदिशा जिले में दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानो को अधिक से अधिक पशु क्रेडिट कार्ड जारी हो रहे है यह सब आपसी तालमेल का प्रतीक है। उन्होंने केसीसी से होने वाले फायदो को रेखांकित किया और इस मदद से क्षेत्र में पशुपालको को पशुओं की संख्या बढाने में मदद मिलेगी।

इस दौरान किसानो को आत्म निर्भर बनने, आय में वृद्धि करने के क्षेत्र में पशुपालन को महत्वपूर्ण इकाई के रूप में संचालित करने पर विशेष सुझाव सांझा किए गए है। कार्यक्रम में लीड बैंक आफीसर श्री बीएस बघेल, नाबार्ड के जिला विकास अधिकारी श्रीमती जगप्रीत कौर, सहकारिता बैंक खामखेडा के प्रबंधक श्री लखन भार्गव के अलावा बाएफ लाइवलीहूड्स भोपाल और करीला एग्रो किसान उत्पादक संगठन के बोर्ड डायरेक्टर सदस्य मौजूद रहें।

कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी दी जा रही

विदिशा : कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने जिले के किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जानकारी देने के प्रबंध सुनिश्चित कराएं है।राजस्व महाभियान 3 अन्तर्गत ग्रामों में पटवारी द्वारा किये जा रहे बी-1 बाचन कार्य का आकस्मिक निरीक्षण की प्रक्रिया क्रियान्वित की जा रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महाभियान के दौरान कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जागरूक करने पर बल दिया है। शासन द्वारा किसानों के लिये एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में फार्मर रजिस्ट्री की शुरुआत की गयी है। इस प्रणाली के तहत प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट किसान आई. डीध्फार्मर आई डी बनाया जायेगा, जिसका उद्देश्य किसान की पहचान एवं उनकी जानकारी को सुरक्षित रखना है। फार्मर रजिस्ट्री कृषकों को कृषि उत्पादों का सुविधाजनक वितरण तथा राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से मिलेगा।

सहकारिता से समृद्धि: श्री अमित शाह ने NCDC की 91वीं आम परिषद को किया संबोधित

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की 91वीं आम परिषद की बैठक को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के प्रति कटिबद्ध है

मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में NCDC की अहम भूमिका है

श्री अमित शाह ने NDDB और NCDC के सहयोग से पूर्वोत्तर के राज्यों में दुग्ध सहकारी संघों को प्रोत्साहन देने पर विशेष बल दिया

सहकारी समितियों को एकीकृत करने में राष्ट्रीय सहकारिता डेटाबेस की महत्वपूर्ण भूमिका

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने चीनी मिलों की वित्तीय क्षमता बढ़ाने और वित्तपोषण को बढ़ाकर 25,000 करोड़ रूपए करने के लिए व्यापक पंचवर्षीय योजना का सुझाव दिया

नई दिल्ली, केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की 91वीं आम परिषद की बैठक को संबोधित किया।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से करोड़ों किसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में NCDC की अहम भूमिका है।

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने सहकारी आंदोलन में NCDC के योगदान की सराहना की और लाखों सहकारी समितियों के जीवन को बदलने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि NCDC की सफलता न केवल इसके 60,000 करोड़ रुपये के संवितरण से परिलक्षित होती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारी क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डालने की इसकी क्षमता से भी परिलक्षित होती है।

श्वेत क्रांति 2.0 के महत्व पर जोर देते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में दुग्ध सहकारी संघों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने दूध उत्पादक संघों की स्थापना के लिए NDDB और NCDCके बीच सहयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। श्री शाह ने कहा कि इन संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जिसमें दूध उत्पादन के शुरुआती चरण की देखरेख NDDB द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल श्वेत क्रांति को आगे बढ़ाएगी बल्कि आदिवासी समुदायों और महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि एक ऐप आधारित कैब कोऑपरेटिव सोसाइटी सेवा स्थापित करनी चाहिए जिससे लाभ सीधे ड्राइवरों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने सहकारी समितियों को एकीकृत करने में राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया और प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि NCDCऔर सहकारिता मंत्रालय इन प्रयासों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

श्री अमित शाह ने चीनी मिलों की वित्तीय क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक व्यापक पंचवर्षीय योजना तैयार करने का भी सुझाव दिया, जिसका लक्ष्य उनकी फंडिंग को बढ़ाकर रु. 25,000 करोड़ करना है। इस पहल से चीनी उद्योग के विकास और स्थिरता को बढ़ाने, बेहतर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने और क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास को समर्थन मिलेगा। उन्होंने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे तटीय राज्यों में गहरे समुद्र में ट्रॉलर की संभावना तलाशने को भी कहा। केन्द्रीय गृह एवं सहकारित मंत्री ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में NCDCके साथ सहकारी इंटर्न योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य और जिला सहकारी बैंकों को केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने और PACSको मजबूत बनाने में मदद करना है। सहकारी इंटर्न योजना प्रतिभागियों को अमूल्य व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगी और उन्हें सहकारिता के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने और ग्रामीण समुदायों के विकास का समर्थन करने के लिए तैयार करेगी। श्री अमित शाह ने देश भर में सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत करने के लिए एक सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना करने का आह्वान किया और सहकारिता के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया, जिससे सहकार से समृद्धि के विज़न को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

खाद- बीज उपलब्ध हेतु तमाम प्रबंध सुनिश्चित जिले में 82 प्रतिशत से अधिक खाद वितरण हुआ

विदिशा :विदिशा जिले में इस वर्ष रबी सीजन की फसलों के लिए आवश्यक खाद - बीज के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने कृषि सहित अन्य लाइन विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए मांग और पूर्ति के बीच किसी भी प्रकार के व्यवधान उत्पन्न ना हो का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी,नकली खाद का विक्रय व परिवहन ना हो वही तय दाम से अधिक दर पर भी को दुकानदार विक्रय ना कर पाए पर सतत निगरानी रखने के निर्देश प्रसारित किए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में क्रियान्वित कार्यो की जानकारी देते हुए किसान कल्याण कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि जिले में गत वर्ष में उक्त अवधि के दौरान डी.ए.पी. एन.पी.के. 59096 मैटिक टन का वितरण किया जा चुका है। जबकि इस वर्ष अब तक डी.ए.पी.. एन.पी.के. 59045 मै.टन डी.ए.पी. का भण्डारण कराया गया है जो गतवर्ष की तुलना से ज्यादा प्राप्त हुआ है। 58603 मे.टन का वितरण सफलता पूर्वक किया जा चुका है। वर्तमान में 643 मै.टन मात्रा शेष है जिसका वितरण भी लगातार जारी है। जिले की समस्त सेवा सहकारी समितियों पर 80 से 82 प्रतिशत तक उर्वरक की पूर्ति करा दी गई है।

जिले में वर्तमान में अभी तक 60 प्रतिशत से अधिक बौनी पूर्ण हो चुकी है। प्रमुख फसलों गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों की बौनी को दृष्टिगत रखते हुये पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। जिसका वितरण जिला प्रशासन की देखरेख में किया जा रहा है । आगामी दिनों में भी लगातार उर्वरक की रैक जिले को प्राप्त हो रही है। किसान भाईयों से अपील है कि वर्तमान में आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक का उठाव करें।

भोपाल में हस्तशिल्प प्रदर्शनी संपन्न : कला और संस्कृति का भव्य उत्सव

"यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों और कारीगरों दोनों के लिए प्रेरणा का स्रोत साबित हुई।"

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ के प्रांगण में 22 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी का सफल समापन हुआ। यह प्रदर्शनी भारतीय कला और संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित करते हुए स्थानीय और राष्ट्रीय शिल्पियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई।

भव्य उद्घाटन समारोह

23 नवंबर को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती इंद्रजीत कौर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, भोपाल ने कहा, "भारतीय हस्तशिल्प न केवल हमारे पारंपरिक कौशल का प्रतीक है, बल्कि यह लाखों कारीगरों की आजीविका का आधार भी है। इस तरह की प्रदर्शनी न केवल इन कारीगरों को प्रोत्साहन देती है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवित रखती है।"

विशिष्ट अतिथि श्री नर सिंह सैनी, सहायक निदेशक, हस्तशिल्प कार्यालय, विकास आयुक्त सेवा केंद्र, भोपाल ने अपने संबोधन में कहा, "हस्तशिल्प क्षेत्र में स्थानीय कला को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया जा सकता है।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल ने कहा, "यह प्रदर्शनी शिल्पकारों के परिश्रम और समर्पण का सजीव उदाहरण है। इसे देखकर हर भारतीय को गर्व महसूस होता है।"

कला प्रेमियों के लिए रहा विशेष आकर्षण

प्रदर्शनी में देशभर से आए शिल्पकारों ने अपने उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए। "भदोही" के कालीन, "भागलपुर" की सिल्क साड़ियां, "मधुबनी" की पेंटिंग्स, "जयपुर" का लेदर वर्क और "भोपाल" का जरी-जरदोजी जैसे उत्पादों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

बनारस के सरफराज आलम ने अपनी बनारसी साड़ियों और मुगल पटका के अद्वितीय काम से सबका मन मोह लिया। फिरोजाबाद के संजीव कुमार के ग्लास वर्क और भोपाल की प्रेरणा शर्मा की मांडना कला ने दर्शकों को अपनी ओर खींचा।

प्रदर्शनी की उपलब्धियां

प्रदर्शनी ने न केवल कारीगरों को उनके उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया, बल्कि हजारों आगंतुकों को भारतीय हस्तशिल्प की विविधता और समृद्धि से भी परिचित कराया। शिल्पकारों की कलाकृतियां न केवल बेची गईं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों से संपर्क करने का अवसर भी मिला।

प्रदर्शनी का समापन

प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागी शिल्पकारों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने घोषणा की कि इस प्रकार के आयोजन हर वर्ष आयोजित किए जाएंगे ताकि हस्तशिल्प उद्योग को और बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ द्वारा किया गया।

सहकारी समिति चंद्रौल में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जबलपुर। सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, जबलपुर द्वारा मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चंद्रौल, जिला कटनी में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मछुआ समुदाय को सहकारी सिद्धांतोंउनके लाभ और मछली पालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे अपने व्यवसाय को अधिक प्रभावी तरीके से चला सकें।

प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने मछली पालन के प्रबंधन, आर्थिक लाभ, नवीनतम तकनीकों और सहकारी संस्थाओं के कार्यकुशलता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान मछुआ समुदाय के सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब करते रहे। उन्होंने मछली पालन में आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं पर भी चर्चा की।

मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों ने भविष्य में ऐसे और प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि वे सहकारी संस्थाओं के माध्यम से अपने व्यवसाय को और अधिक सशक्त बना सकें।

यह प्रशिक्षण शिविर मछुआ समुदाय के लिए एक बेहतरीन अवसर साबित हुआ, जिसमें उन्हें सहकारी संस्थाओं के लाभ को समझने और अपने व्यवसाय में सुधार लाने के लिए नए उपायों को अपनाने की प्रेरणा मिली।

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक गणेश प्रसाद मांझी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी मुद्रणालय परिमित, भोपाल से मुद्रित एवं ई-8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : गणेश प्रसाद मांझी
डॉक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/357/2021-23 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2926159, 2926160, इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।